दिनांक- 30.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 639/26

# महोबा पुलिस

## "सीसीटीएनएस रैंकिंग में महोबा पुलिस का पहला स्थान, मुख्यालय तकनीकी सेवाएं ने पुलिस अधीक्षक महोबा को किया सम्मानित"

- सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्यप्रदर्शन के आधार पर मुख्यालय तकनीकी सेवाएं, उत्तर प्रदेश द्वारा जुलाई 2026 के आंकड़ों के अनुसार जारी प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जनपद महोबा पुलिस ने 100% अंक प्राप्त करते हुए एक बार फिर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि महोबा पुलिस की कार्यकुशलता, त्वरित निस्तारण और तकनीकी दक्षता का प्रमाण है।
- इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवाएं, उत्तर प्रदेश द्वारा पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह के कार्यों की प्रशंसा की गयी है । मुख्यालय द्वारा टीमवर्क, उत्तरदायित्व व विभाग की प्रतिष्ठा बढ़ाने हेतु किए गए प्रयासों की सराहना की गई और भविष्य में भी इसी मनोयोग एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की गई है।




सीसीटीएनएस क्या है?-

- सीसीटीएनएस (Crime and Criminal Tracking Network & Systems) एक एकीकृत ऑनलाइन प्रणाली है, जिसके माध्यम से किसी भी अपराध से संबंधित रिपोर्ट, विवेचना की अद्यतन स्थिति, आरोपियों की गिरफ्तारी, केस डायरी से लेकर चालान प्रस्तुत होने तक की सभी आवश्यक कार्यवाही ऑनलाइन दर्ज की जाती है। यह प्रणाली पारदर्शी, तीव्र और प्रभावी पुलिस कार्यप्रणाली का महत्वपूर्ण आधार है।
- सीसीटीएनएस रैंकिंग में शामिल प्रमुख पोर्टल इन सभी पोर्टलों पर श्रेष्ठ फीडिंग, समयबद्ध अपलोडिंग तथा सतत मॉनिटरिंग के आधार पर जनपद महोबा को पहला स्थान प्राप्त हुआ—1.CCTNS Portal के IIF Forms 2. Training Certificate Portal 3. Pared Portal 4.Field Unit Portal 5.PG Portal 6.Foot Patrolling Portal 7.CRIMAC Portal 8.ICJS Portal 9.Crime Analytical Portal 10.NAFIS Portal
- पुलिस अधीक्षक महोबा के कुशल नेतृत्व में प्राप्त यह उपलब्धि जनपद पुलिस की तकनीकी दक्षता, अनुशासन और त्वरित निस्तारण की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

दिनांक- 30.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 640/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल चरखारी- थाना श्रीनगर

## एकल अभियान से आई बालिकाओं के साथ थाना श्रीनगर पुलिस ने मनाया रक्षाबंधन पर्व, नारी सम्मान एवं सुरक्षा का दिया संदेश।

- आज दिनांक 30.08.2026 को रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर थाना श्रीनगर परिसर में एकल अभियान से आई बालिकाओं द्वारा पुलिसकर्मियों एवं उपस्थित भाइयों-बहनों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। इस अवसर पर पुलिसकर्मियों द्वारा बालिकाओं की सुरक्षा एवं सम्मान का संकल्प लिया गया।
- थाना प्रभारी एवं महिला पुलिसकर्मियों द्वारा बालिकाओं को नारी सम्मान, मिशन शक्ति, नारी सुरक्षा, साइबर सुरक्षा तथा बाल विवाह जैसी कुरीतियों के प्रति जागरूक करते हुए किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल पुलिस एवं संबंधित हेल्पलाइन पर सूचना देने हेतु प्रेरित किया गया।
- बालिकाओं को 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमेन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन एवं 181 महिला हेल्पलाइन के साथ ही थाना श्रीनगर के CUG नंबर 9454403892 के संबंध में जानकारी दी गई।
- साथ ही थाना परिसर में स्थापित महिला हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली एवं उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी देकर बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा उनके साथ घटित किसी भी प्रकार की समस्या के संबंध में जानकारी ली गई। बालिकाओं द्वारा किसी प्रकार की समस्या होना नहीं बताया गया।
- महोबा पुलिस द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण हेतु सदैव तत्पर रहने का संकल्प दोहराया गया।



दिनांक- 30.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 642/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल नगर- थाना कोतवाली नगर

## थाना कोतवाली नगर महोबा पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार...।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकांत गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली नगर महोबा पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर श्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित उ0नि0 पवन गौड़ मय हमराह कां0 सूर्यपाल एवं कां0 संदीप कनौजिया के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त टिंकू बाबा उर्फ राज वर्मा पुत्र हरप्रसाद उम्र करीब 28 वर्ष निवासी पुराना बस स्टैण्ड गांधीनगर थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा को रामकुण्ड से पुलिस लाइन जाने वाले मार्ग के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध देशी तमंचा 12 बोर एवं 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर नाजायज बरामद हुआ। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 431/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त -**

टिंकू बाबा उर्फ राज वर्मा पुत्र हरप्रसाद उम्र करीब 28 वर्ष निवासी पुराना बस स्टैण्ड गांधीनगर थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा

**बरामदगी का विवरण-**

- 01 अदद अवैध देशी तमंचा 12 बोर
- 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1.उ0नि0 पवन गौड़

2.कां0 सूर्यपाल

2.कां0 संदीप कनौजिया



दिनांक- 30.08.2026
प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 643/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल चरखारी- थाना श्रीनगर

## थाना श्रीनगर पुलिस द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री दीपक दुबे के कुशल नेतृत्व में जनपद में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना श्रीनगर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

थानाध्यक्ष श्रीनगर श्री सुभाष चन्द्र द्वारा गठित उ0नि0 अभिनव प्रताप सिंह मय हमराह रि0कां0 मनीष मौर्या के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना श्रीनगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 43/2026 धारा 64(1)/87/137(2) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त धनप्रसाद पुत्र हल्के कुशवाहा उर्फ रामप्यारे कुशवाहा निवासी ग्राम रगोली थाना लवकुशनगर जनपद छतरपुर म0प्र0 को ग्राम ननौरा मोड़ के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त -**

धनप्रसाद पुत्र हल्के कुशवाहा उर्फ रामप्यारे कुशवाहा, निवासी ग्राम रगोली थाना लवकुशनगर जनपद छतरपुर म0प्र0।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1.उ0नि0 अभिनव प्रताप सिंह
2.रि0कां0 मनीष मौर्या

